हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 04 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने देश के पहले **स्ट्रैटो स्फेरिक एयरशिप प्लेटफार्म** के सफल परीक्षण पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन-डीआरडीओ को बधाई दी है। संगठन ने कल मध्यप्रदेश के शिवपुर से यह परीक्षण किया। यह प्लेटफार्म आगरा के **एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेबलिशमेंट द्वारा विकसित** किया गया है। इससे देश की निगरानी क्षमता बढ़ेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि सफल परीक्षण के साथ ही, भारत इस प्लेटफार्म वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है।

****

हरियाणा और पंजाब के बीच चल रहे जल विवाद पर कल चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में हरियाणा के हितों की रक्षा के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया तथा पंजाब सरकार से आग्रह किया गया कि वह इस वर्ष 23 अप्रैल की भाखड़ा ब्यास प्रबंधकीय बोर्ड तकनीकी समिति तथा 30 अप्रैल के बी.बी.एम.बी बोर्ड के निर्णयों को बिना शर्त लागू करे। बैठक में आग्रह किया गया कि हरियाणा के हिस्से के पानी पर लगाई गई अमानवीय, अनुचित, अवैधानिक तथा असंवैधानिक रोक को तुरंत हटाया जाए। बैठक के दौरान सभी नेताओं ने पेयजल को लेकर हरियाणा में उत्पन्न जल संकट पर चिंता व्यक्त की तथा पंजाब द्वारा हरियाणा के हिस्से का पानी रोकने को असंवैधानिक बताया। सभी नेताओं ने कहा कि पंजाब सरकार तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है तथा भ्रामक प्रचार कर रही है। हरियाणा

कोई अतिरिक्त पानी नहीं मांग रहा है तथा न ही पंजाब के हिस्से का पानी मांग रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा अपने हिस्से का पूरा पानी मांग रहा है जो उसे हर साल मिलता है, जिसे अब पंजाब ने अवैधानिक तरीके से रोक दिया है।

****

मुंबई में चल रही चार दिवसीय वर्ल्ड ऑडियो-विज़ुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट "वेव्स" में कल दिल्ली के कला एवं संस्कृति विभाग के मंत्री कपिल मिश्रा ने हरियाणा पवेलियन का दौरा किया। कैबिनेट मंत्री ने हरियाणा पवेलियन की सराहना करते हुए कहा कि हरियाणा आज हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई नई पहल अन्य राज्यों के लिए प्रेरणा बन रही हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा पैवेलियन में सरकारी योजनाओं के साथ-साथ हरियाणा फिल्म नीति का बेहतरीन प्रस्तुतीकरण किया गया है। श्री मिश्रा ने कहा कि हरियाणा की नई फिल्म नीति से न केवल हरियाणा के कलाकारों और युवाओं को लाभ मिलेगा बल्कि फिल्म उद्योग को भी इसका फायदा होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश की सभी महत्वपूर्ण जगह पर फिल्म शूट करने के लिए समयबद्ध ढंग से स्वीकृति दी जा रही है और हरियाणा में फिल्म बनाने वाले निर्माता-निर्देशकों को सब्सिडी का लाभ देने के लिए बनाई गई फिल्म नीति बेहद सराहनीय है। इस दौरान उन्होंने हरियाणा सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के.एम पांडुरंग से मुलाकात की। श्री पांडुरंग ने उन्हें हरियाणा फिल्म नीति की प्रति भेंट की।

****

आज देश भर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा- नीट यूजी आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा देश में पांच हज़ार से अधिक केंद्रों पर और विदेश में 13 शहरों में

आयोजित की जा रही है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी-एनटीए के अनुसार, परीक्षा के लिए 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया है। एजेंसी ने कहा है कि परीक्षा सामग्री की उपलब्धता के संबंध में गलत जानकारी देने वाले 165 से अधिक टेलीग्राम चैनलों तथा 32 से अधिक इन्स्टाग्राम चैनलों पर कार्रवाई की गई है। परीक्षा एजेंसी ने विद्यार्थियों से भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने और एनटीए की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना पर ही भरोसा करने की अपील की है।

****